# अंडमान-निकोबार में तेज गति से बन रहा सैन्य अड्डा, चीन तिलमिलाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और भारत लगातार एक-दूसरे को काउंटर करने के लिए अपनी स्ट्रैटजी बना रहे हैं और नये नये सैन्य ठिकानों का निर्माण किया जा रहा है। भारत ने अपने उन द्वीपों का विकास शुरू कर दिया है, जहां से चीन को किसी भी वक्त मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकता है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर भारत विशालकाय मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। इस द्वीप समूह में एडवांस हवाई क्षेत्रों के निर्माण के साथ साथ खाने पीने की सामानों के भंडारन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। वहां सैनिकों के रहने के लिए आवास, मजबूत सर्विलांस इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बन रहा है।

### एडवांस जेट्स को रखने स्टेशन अपग्रेड

*भारत के एडवांस फाइटर जेट्स स्क्वाड्रनों को लंबे समय तक रखने के लिए स्टेशन को अपग्रेड किया जा रहा है। रनवे को करीब 3,000 मीटर तक विस्तारित करने और संपत्तियों के रखरखाव के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की योजना शामिल है। कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल के निर्माण पर भी काम चल रहा है।*

### हिंद महासागर और खाड़ी में चीन की मौजूदगी बढ़ा रही चिंता

*दरअसल, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में लगातार चीन की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर चीन सीक्रेट सैन्य बंदरगाह बनाने की कोशिश में है, जिसमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से सिर्फ 55 किमी उत्तर में स्थित म्यांमार के कोको द्वीप समूह में एक सैन्य सुविधा का निर्माण भी शामिल है।*

### लंबी हवाई पट्टी का निर्माण जल्द पूरा करने की तैयारी

*लड़ाकू जेट जैसे बड़े विमानों की लैंडिंग को नौसैनिक हवाई स्टेशन पर हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने का काम चरणों में किया जा रहा है। घाट का भी विस्तार किया जा रहा है। बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी अपग्रेड किया जा रहा है। द्वीपों के उत्तर से दक्षिण में पोर्ट ब्लेयर तक की सड़क में सुधार किया जा रहा है।*

### भारत के लिए महत्वपूर्ण है अंडमान और निकोबार

*अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसीलिए यहां पर मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसका मकसद, इन द्वीप समूहों पर ज्यादा संख्या में युद्धपोतों की तैनाती करना, फाइटर जेट्स की तैनाती करना और सैनिकों के लिए बाकी सुविधाएं प्रदान करना है।*

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 836 द्वीप हैं मौजूद
- द्वीप पर सेना को आवश्यक सामग्री पहुंचाना होगा आसान
- चीन और भारत एक-दूसरे को काउंटर करने बना रहे रणनीति
- चीन को मुंहतोड़ जवाब देने भारत कर रहा सैन्य द्वीपों का विकास
- दोनों देश नए सैन्य ठिकानों का कर रहे निर्माण
- बड़े-बड़े रनवे, जेट के लिए चौड़ी-चौड़ी सड़कें...रनवे लेता आकार

## खबर संक्षेप

### 2024 में 'दुनिया' के दस सबसे ताकतवर देश, भारत 12वें स्थान पर



**नई दिल्ली।** फोर्ब्स ने इस साल के दुनिया के सबसे ताकतवर देशों की सूची जारी की है। इसमें 10 सबसे ताकतवर देश हैं। यह रैंकिंग उनकी वैश्विक स्थिति और असर की बड़ी जांच के बाद दी जाती है। हर देश की शक्ति कई पहलुओं में उसकी शक्ति का संकेत देती है। भारत 12वें स्थान पर है। जिसमें आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव, अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों में ताकत और प्रभावशाली सैन्य शक्ति शामिल है। विश्व के शक्तिशाली देशों की रैंकिंग के लिए पांच विशेष विशेषताओं के 'स्कोर के समान भारित औसत' पर आधारित है, यह हैं-एक नेता, आर्थिक प्रभाव, राजनीतिक प्रभाव, मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधन, और एक मजबूत सेना आदि। भारत का फोर्ब्स के ताकतवर देशों की सूची में 12वां स्थान है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी में शामिल है।

### ईद पर इजराइल ने ईरान को दी घुसकर मारने की धमकी

**तेल अवीव।** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच गाजा पट्टी पर बीते 6 महीनों से जंग जारी है। इस युद्ध में अब तक 33 हजार निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं। इसके अलावा इजराइल को भी करीब डेढ़ हजार लोगों को खोना पड़ा है। इसके बाद भी यह खूनी युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब इसके विस्तार की आशंका बढ़ गई है। दरअसल ईद के मौके पर इजराइल ने ईरान को बड़ी धमकी देते हुए कहा है कि यदि उसने अपनी जमीन से हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

## 2021 के चुनावों की हकीकत कनाडा के जांच आयोग ने बताई

# ट्रूडो के उड़े होशः जांच आयोग ने कहा भारत नहीं चीन ने किया था हस्तक्षेप

*कनाडा में 2021 के चुनाव मे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए कहा था कि चुनावों में भारत हस्तक्षेप कर रहा है। जांच आयोग ने इस मामले की जांच की तो पता चला कि भारत नहीं चीन का हाथ है।*

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उस समय होश उड़ गए जब उन्ही के देश ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया कि कनाडा में हुए 2021 के चुनाव में भारत का कोई हस्तक्षेत नहीं था। भारत में बेमतलब शक किया गया। हकीकत तो यह है कि इस पूरे मामले में चीन का हाथ है। आयोगी की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जस्टिन ट्रूडो द्वारा जीते गए 2021 के चुनावों में भारत ने नहीं, बल्कि चीन ने हस्तक्षेप किया था। यह रिपोर्ट इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वह कनाडा की एजेंसियों ने ही तैयार की है। ऐसे में जस्टिन ट्रूडो को अब अपने आरोपों पर कुछ तो शर्म जरूर आ रही होगी, जो भारत पर बेबुनियाद तौर पर आशंका जाहिर कर रहे थे।

- रिपोर्ट के बाद विपक्ष ने ट्रूडो को घेरा

**खास बातें**

- बेबुनियाद आरोप लगाने वाले पीएम जस्टिन ट्रूडो हुए शर्मसार
- कनाडा के अधिकारियों ने कहा-भारत पूरी तरह बेदाग



### विपक्ष के दबाव में गठित हुई थी जांच

*विपक्षी विधायकों के दबाव के बाद जस्टिन ट्रूडो ने विदेशी हस्तक्षेप पर एक जांच आयोग का गठन किया था। इसमें चीन की संभावित भूमिका पर रिपोर्ट आने से ट्रूडो नाखुश हैं। पहले आरोप लगाया गया था कि भारत ने 2021 के इस चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास किया था, जिसे जस्टिन ट्रूडो ने 2021 में जीता था। मगर चुनावों की निगरानी करने वाले कनाडाई अधिकारियों के एक पैनल ने ऐसे आरोपों को खारिज कर दिया। हालांकि इसमें यह बात सामने आई कि 2019 और 2021 में हुए चुनावों में भारत ने नहीं, बल्कि चीन ने हस्तक्षेप किया था।*

### निज्जर मामले में कनाडा लगा चुका है भारत पर आरोप

*पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स में अपने भाषण के दौरान खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। इस आरोप ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों पर एक महत्वपूर्ण असर डाला है। दोनों देशों ने वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और भारत ने कुछ समय के लिए वीजा संचालन रोक दिया था। तब से, दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने कई मौकों पर मुलाकात की, लेकिन राजनयिक क्षेत्र में बहुत कम प्रगति देखी गई है।*

### कनाडा के अधिकारियों ने भारत को दी क्लीन चिट

आरोपों की जांच पूरी होने पर अब खबर आई है कि जांच में शामिल अधिकारियों को भारत का कोई एंगल नहीं मिला, लेकिन, जांच के नतीजों में पाया गया कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने चुनावों को प्रभावित किया था। उम्मीद थी कि प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो एक सरकारी वकील के सामने पेश होंगे। एक चुनाव अधिकारी ने जांच पैनल को बताया, मुझे नहीं लगता कि अभियान में उन उपकरणों का उपयोग करने वाली भारत सरकार के खिलाफ कोई सबूत है। वहीं भारत भी कनाडा के चुनावों में अपने किसी भी हस्तक्षेप के आरोप को खारिज कर चुका है।

### कनाडा भारतीय मामलों में करता है हस्तक्षेप

यह रिपोर्ट सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रूडो पर वार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा- हमने मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, कनाडाई आयोग विदेशी हस्तक्षेपों की जांच कर रहा है... हम कनाडाई चुनावों में भारतीय हस्तक्षेप के ऐसे निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। अन्य देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना भारत सरकार की नीति नहीं है। इसके विपरीत, यह कनाडा है, जो हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। गौरतलब है कि नवीनतम निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं जब ट्रूडो द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बाद भारत और चीन के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

## नेपाल में फिर उठी हिंदू राष्ट्र की मांग

# प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे कहा- देश में राजशाही लौटे

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



नेपाल में एक बार फिर से हिंदू राष्ट्र की मांग तेज हो गई है। राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सैकड़ों प्रदर्शनकारी इसके लिए नारे लगा रहे हैं। वे देश में फिर से राजशाही लागू करने की मांग कर रहे हैं। बुधवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। वे प्रधानमंत्री ऑफिस और दूसरी सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बांस-बल्लों, आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। यह प्रदर्शन नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेतृत्व में हो रहा था। इस दौरान लोगों ने नारे लगाते हुए कहा कि हम अपने देश और राजा से अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हैं। गणतंत्र को खत्म कर राजशाही वापसी होनी चाहिए। बता दें इससे पहले प्रजातंत्र पार्टी ने फरवरी में 40 पॉइंट का एक मैमोरैंडम भी पीएम ऑफिस को भेजा था।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**
**(गुमशुदा की तलाश)**



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि **पीड़िता अंजु कुमारी, उम्र 17 वर्ष पे0 इग्नासियुस एक्का, ग्राम फसिया ढोढरीटोली, थाना+जिला गुमला (झारखण्ड) जो वर्ष 2014 में अंतिम बार दिल्ली में देखा गया था। जिसके संबंध में अहतु थाना कांड सं0 10/19 दिनांक 27.07.2019 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।** जिसका रंग सावला, शरीर सामान्य, बाल काला, भाषा सादरी एवं हिन्दी बोलती है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लड़की के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

1. पुलिस अधीक्षक गुमला – 9431706376
2. पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला। 9471182113
3. अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – 9431706202
4. थाना प्रभारी, अहतु – 8986604606


पुलिस अधीक्षक, गुमला

PR 323743 Police(24-25)#D


### केजरीवाल को हटाने की याचिका, संदीप पर 50 हजार जुर्माना



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग वाली तीसरी याचिका को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री संदीप कुमार पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व आप मंत्री और पूर्व विधायक संदीप कुमार की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गई थी।


आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
**अर्श-राहत**
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें 94060-21769



JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?



**प्रारूप जी**
**रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**केएसके महानदी पॉवर कम्पनी लिमिटेड ऊर्जा उत्पादन में संचालन, जांजगीर, चांपा**

(भारतीय दिवाला व दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के तहत)।

**प्रासंगिक विवरण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम पैन/सीआईएन / एलएलपी नंबर के साथ | **केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड** सीआईएनः U40300TG2009PLC064062 \| पैन नंबरः AADCK6843M | | |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 8-2-293/82/A/431/A, रोड नंबर 22 जुबली हिल्स, हैदराबाद, तेलंगाना 500033, भारत | | |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | www.ksk.co.in/kmpcl | | |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | अकलतरा, जांजगीर, राष्ट्रीय राजमार्ग 200, चांपा, नरियारा छत्तीसगढ़-495 553 | | |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | 3600 मेगावाट (600 मेगावाट की 6 इकाइयां) कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट ( 600 मेगावाट की 3 इकाईयां = 1800 मेगावाट की इकाइयों चालू हैं) | | |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | विवरण | मात्रा (एमयू) राशि | (करोड़ रूपये) |
| | | शुद्ध ऊर्जा बिक्री | 9,720.97 | 5,105.80 |
| | | अन्य सेवाएं-टोल शुल्क | 101.04 | 10.31 |
| | | कुल बिक्री | 5,116.11 | |
| 7. | कर्मचारियों/कर्मकारों की संख्या | कर्मचारी - 344 | कर्मकार - 737 | |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (शेड्यूल के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया के बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियों सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं: | वित्तीय परिणामः www.idealsvdr.com लेनदार की सूचीः http://ksk.co.in/kmpcl/creditors.html | | |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | रुचि की अभिव्यक्ति के दस्तावेजों के लिए आमंत्रणः http://ksk.co.in/kmpcl/eoi.html | | |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 26 अप्रैल 2024, शुक्रवार | | |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 02 मई 2024, गुरूवार | | |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07 मई 2024, मंगलवार | | |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 13 मई 2024, सोमवार | | |
| 14. | सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि भावी समाधान आवेदकों# के लिए | 18 मई 2024, शनिवार | | |
| 15. | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | 18 जून 2024, मंगलवार | | |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने के लिए ईमेल आईडी प्रोसेस करें | in_pa.kskmahanadi@pwc.com rp.kskmahanadi@gmail.com | | |

* यह फॉर्म जी माननीय एनसीएलटी हैदराबाद के 5 अप्रैल 2024 के आदेश के अनुसार जारी किया गया है।
* उपर्युक्त समयसीमा सीओसी के विवेक पर आगे विस्तार/संशोधन के अधीन है, और केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से समय को बाहर करने के लिए माननीय एनसीएलएटी के समक्ष चल रही कार्यवाही के अधीन है।
* कृपया ध्यान दें, जो पीआरए 22 दिसंबर 2021 की पिछली अंतिम सूची में शामिल हैं, उन्हें केवल अपनी नवीनतम जानकारी जमा करने की आवश्यकता है क्योंकि उनकी ईओआई को पहले से ही स्वीकार माना जाता है, जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो। #यह समयसीमा सीआईआरपी विनियमों के अनुसार शीघ्र प्रसार के अधीन है

सुमित बिनानी
केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड के रिजोल्यूशन प्रोफेशनल
पंजीकरणः आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-एन00005/2016-17/10025
पताः दूसरी मंजिल, निक्को हाउस, 2, हेयर स्ट्रीट (चर्च गली से प्रवेश) कोलकाता-70000, पश्चिम बंगाल। ईमेलः sumitbinani@hotmail.com

दिनांकः 11 अप्रैल 2024
स्थानः कोलकाता



हरिभूमि **HEALTH CARE**
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ



सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
**सिंघानिया स्किन केयर** 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
**डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक** दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
**डॉ. जाऊलकर** ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
**प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक** मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी

**अग्रवाल हॉस्पिटल** (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
**डायबिटिक क्लीनिक** Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

**अष्टविनायक हॉस्पिटल** बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन **डॉ. रितेश रंजन** (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर** (राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव (राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित) विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर • मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

**मोतियाबिंद** आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133